RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 91 • 13:04:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

पंचम दिवस



स्कंदमाता

देवी मां का पांचवां रूप स्कंदमाता के नाम से प्रचलित है। भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कन्द भी है जो ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के एक साथ सूचक हैं। स्कन्द इन्हीं दोनों के मिश्रण का परिणाम है।

## अप्रैल से जून के बीच पड़ेगी देश में भयंकर गर्मी

● ऐक्शन में सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। आने वाले दिनों में गर्मी लोगों का मुश्किलें बढ़ाने वाली है। ऐसे में पीएम मोदी ने मौसम और लू से निपटने की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक हाई लेवल मीटिंग की समीक्षा की है। पीएम मोदी को बैठक में अप्रैल से जून तक की गर्मी के मौसम के पूर्वानुमान और तापमान के बारे में जानकारी दी गई। यह बताया गया कि देश



के अधिकांश हिस्सों में तापमान के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। बैठक में इस मौसम में जरूरी दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। लोगों को जागरूक करने के लिए टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया जैसे सभी प्लेटफार्मों के माध्यम से विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में आवश्यक जागरुकता सामग्री के समय पर प्रसार पर जोर दिया गया।

## भारत की सैन्य ताकत से अब कापेंगे दुश्मन देश

● 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए टेंडर जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय देश में निर्मित 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद करने वाला है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 65,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत का टेंडर जारी किया है। भारत सरकार की ओर से स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। मिनिस्ट्री की ओर से हाल ही में



हाल को टेंडर जारी किया और उसे इसका जवाब देने के लिए 3 महीने का समय दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इससे भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। इन्हें धीरे-धीरे समाप्त कर दिया गया है या फिर निकट भविष्य में पूरी तरह से हटा दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय और वायुसेना मुख्यालय की ओर से पूरी तरह से समर्थित स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही देश भर में रक्षा व्यवसाय में लगे छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ा काम देने का यह प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचएएल को मजबूत करने पर काफी जोर दे रहे हैं।

# बागी, साथी और स्कीम, सबकी खबर ले रही भाजपा

मिशन 370 सीटों पर है मोदी-शाह की नजर, मिल रहा हर फीडबैक

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले ही 370 सीटों पर भाजपा की जीत का टारगेट तय किया था। यही नहीं उनके ऐलान के बाद भाजपा इसके लिए पूरी ताकत भी झोंक दी है। यूपी, बिहार, ओडिशा, बंगाल, महाराष्ट्र से लेकर दक्षिण भारत तक भाजपा ने कुल 370 सीटों को टारगेट कर लिया है, जिन पर हर हाल में विजय पाने के लिए मेहनत की जा रही है। यही नहीं भाजपा ने इन सभी सीटों के हर समीकरण पर नजर बना रखी है। इसके लिए कॉल सेंटर बना दिए गए हैं। कुल मिलाकर भाजपा ने 370 सीटों पर कॉलसेंटर्स बना दिए हैं। ये कॉलसेंटर मुख्य तौर पर तीन चीजों पर फोकस कर रहे हैं, भाजपा के साथ कौन है, बागी कौन हैं और किन स्कीमों पर जनता का क्या रुख है। इसके अलावा लोगों



तक स्कीमों का प्रचार भी पहुंचाया जा रहा है। इन कॉलसेंटर्स के जरिए यह नजर रखी जा रही है कि किस सीट पर कौन नेता बागी हो रहे हैं। या फिर किसी समुदाय विशेष की कोई नाराजगी तो नहीं है। टिकट बंटवारे के चलते स्थानीय नेताओं में यदि गुस्सा है तो उसका फीडबैक भी हाईकमान तक पहुंच रहा है। यही नहीं उसके अनुसार ही पार्टी नेतृत्व की ओर से रैलियों और रोडशो के आयोजन हो रहे हैं। यूपी की ही बात करें तो भाजपा ने गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है। इनमें से कुछ सीटें ऐसी हैं, जहां मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए गए, जबकि वह चर्चित नेता थे। ऐसे में इन सीटों पर स्थानीय लोगों की नाराजगी भी दिखी है। इसका फीडबैक भी सीधे पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी चीफ जेपी नड्डा जैसे नेताओं तक पहुंचा है। यही वजह है कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी गाजियाबाद जैसी सुरक्षित कही जाने वाली सीट पर रोड शो करने पहुंचे।

## कन्हैया कुमार को दिल्ली से चुनाव लड़ाने की तैयारी

● कांग्रेस ने बनाया बड़ा प्लान, कभी भी हो सकता है ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दिल्ली की एक सीट से उम्मीदवार बना सकती है। इसकी पुष्टि अब कांग्रेस के सूत्र भी करने लगे हैं। कन्हैया कुमार 2019 में बिहार की बेगुसराय लोकसभा सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के टिकट पर केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में यह सीट फिर एक बार लेफ्ट के खाते में गई है, लेकिन कन्हैया कुमार कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक,



कन्हैया कुमार को चुनाव लड़ाने को लेकर बुधवार शाम को पार्टी के वरिष्ठम नेतृत्व की अध्यक्षता में एक बंद कमरे में हुई बैठक में चर्चा हुई। आपको बता दें कि वह वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के प्रभारी हैं। सूत्र ने कहा, पार्टी आलाकमान ने दिल्ली और हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और कन्हैया कुमार के साथ बुधवार की शाम इस मामले पर चर्चा की। पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने चर्चा के दौरान कन्हैया कुमार के चुनाव लड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि वह दिल्ली की किसी सीट से चुनाव लड़ें। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस मुद्दे पर अंतिम चर्चा होगी। इस दौरान हरियाणा, पंजाब और कुछ अन्य राज्यों की लोकसभा सीटों पर भी चर्चा होगी। आपको बता दें कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हुआ है।

## मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए दायर की नई याचिका

● कहा-लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए करना चाहता हूं प्रचार

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए नई याचिका दायर की है। याचिका में इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का हवाला दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मनीष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। ईडी-सीबीआई के दोनों मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है। मार्च 2024 में सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट में दोबारा जमानत अर्जी लगाई है, जिस पर सुनवाई बाकी है। दिल्ली शराब नीति घोटाला केस में अब तक 16 हाई प्रोफाइल लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसी केस में केजरीवाल और बीआरएस नेता के. कविता भी न्यायिक हिरासत में हैं।

# कुछ लोग मुगलों की तरह सावन-नवरात्रि में मटन का वीडियो डालकर चिढ़ाते हैं

उधमपुर की रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी, राहुल और लालू परिवार पर साधा निशाना

कहा-जम्मू-कश्मीर को बहुत जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा, पूरी तरह बदल गए हालात



उधमपुर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा में राहुल गांधी और लालू परिवार पर बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग सावन के महीने में मटन बनाते हैं, इसका वीडियो भी बनाते हैं और जारी करते हैं। देश का कानून किसी को भी कुछ भी खाने से नहीं रोकता, ना ही ये मोदी किसी को नहीं रोकता है। ये लोग वीडियो जारी कर देश के लोगों को चिढ़ाते हैं। नवरात्रि में नॉनवेज खाने का वीडियो दिखाकर लोगों को मुगल मानसिकता के द्वारा लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं। 7 महीने पहले सावन के महीने में राहुल गांधी ने लालू यादव से मटन बनाना सीखा और इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया पर 2 सितंबर 2023 को शेयर किया था। वहीं चैत्र नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल को तेजस्वी ने अपने × पर एक वीडियो शेयर किया था। जिसमें वो वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ में लंच में चेचरा मछली और रोटी खाते दिखाई देते दिख रहे थे। पीडीपी-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। पीएम ने आगे कहा कि मोदी विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण की गारंटी दे रहा है, लेकिन कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी इसे फिर उन पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। इन पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर का जितना नुकसान किया, उतना नुकसान किसी ने नहीं किया है। जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर पूरी तरह से बदला 10 साल के अंदर-अंदर जम्मू कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है, जम्मू कश्मीर का मन बदला है। लोग निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं।

# महंगाई के मोर्चे पर 'फील गुड' के आसार

मार्च के महीने में रिटेल महंगाई घटकर 4.85 फीसदी हुई

फरवरी में 5.09 फीसदी थी, खाने-पीने की चीजें सस्ती



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिटेल महंगाई मार्च 2024 में घटकर 4.85 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले फरवरी 2024 में महंगाई 5.09 फीसदी रही थी। मार्च में खाने-पीने के सामान की कीमतें घटी हैं। आरबीआई की महंगाई को लेकर रेंज 2 फीसदी-6 फीसदी है। आदर्श स्थिति में आरबीआई चाहेगा कि रिटेल महंगाई 4 फीसदी पर रहे। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 फीसदी है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई प्रभावित होगी।

## सोशल मीडिया के झूठ से सुप्रीम कोर्ट बेहद नाराज

● गलत तथ्य पेश करने पर जमकर लताड़ा, लिया कड़ा ऐक्शन

● कोर्ट ने कहा झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में डालती हैं बाधा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अदालत में पेंडिंग मामलों में सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि जो मामले पेंडिंग हैं, उन पर सोशल मीडिया में मैसेज, कमेंट और आर्टिकल लिखे जा रहे हैं। जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ये झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में बाधा डालती हैं जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने फेसबुक पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल उस फेसबुक पोस्ट में लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि सच तो ये था कि कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था।

# बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में जब्त किए 365 करोड़ रुपए

ईडी ने खोल दी पोल, बताया-अब तक किससे क्या मिला

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने 365 करोड़ रुपये की संपत्ति सीज और जब्त की है। इसके अलावा तीन तृणमूल



कांग्रेस विधायक अब तक अरेस्ट हो चुके हैं और एक की भूमिका की जांच हो रही है। ईडी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि अब तक इस घोटाले में 365.6 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है। इसके अलावा आगे भी जांच जारी है। ईडी ने कहा कि हमने पहले ही इस मामले में 135 करोड़ रुपये की जब्ती की थी। अब 230 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी नए सिरे से अटैच की है। एजेंसी ने बताया कि अब तक जिन संपत्तियों को जब्त किया गया है, उनमें प्रसन्न कुमार रॉय और शांति प्रसाद सिन्हा की जमीन और फ्लैट शामिल हैं। आरोप है कि इस मामले में प्रसन्न कुमार रॉय मुख्य बिचौलिये के तौर पर भूमिका अदा की। उन्होंने ही टीचर भर्ती में शामिल होने वाले कैंडीडेट्स से रकम जुटाई थी और उनकी डिटेल हासिल की। उस दौरान शांति प्रसाद सिन्हा पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के सलाहकार थे। ऐसे में उनकी भूमिका भी संदिग्ध पाई गई और उन्हें भी अरेस्ट किया गया। इस मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की थी, जिसे मई 2022 में उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था।

# शाजिब ने रखी थी आईईडी और ताहा ने बनाया था प्लान

● बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के मुख्य आरोपी बंगाल से हुए गिरफ्तार ● दोनों आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा, एनआईए ने दबोचा

कोलकाता/ बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदनीपुर जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके नाम अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब हैं। एनआईए के मुताबिक, 2 मार्च को शाजिब ने कैफे में आईईडी रखा था, जबकि ताहा ने इसका पूरा प्लान तैयार किया था। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस की जांच कर रही एनआईए ने 5 अप्रैल को बताया था कि मामले में मुख्य और सह-आरोपी की पहचान हो गई है। मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है।

मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। एनआईए ने दोनों की तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और यूपी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी। 29 मार्च से दोनों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित है। वहीं, जांच एजेंसी ने ब्लास्ट केस में टीएमसी कार्यकर्ता साई प्रसाद को भी हिरासत में लिया है। एनआईए का कहना है कि साई का कैफे ब्लास्ट के आरोपियों से कनेक्शन है। भाजपा मीडिया सेल के







प्रभारी अमित मालवीय ने दावा किया था कि दोनों आरोपी कोलकाता से पकड़े गए हैं, लेकिन बंगाल पुलिस ने उनके दावे का खंडन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की सही लोकेशन बताई। जहां से आरोपी पकड़े गए, वह पुरबा मेदनीपुर जिला कोलकाता से 180 किलोमीटर दूर है। इससे पहले जांच एजेंसी ने 23 मार्च को दो संदिग्धों की पहचान की थी। फरार आरोपी ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के. विल्सन की हत्या के मामले में वॉन्टेड था और चेन्नई में मुख्य संदिग्ध के साथ रहा था।

## लंदन में भारतीय दूतावास पर हमले की जांच में हुई चूक !

● एनआईए ने उठाया बड़ा कदम, लिया एलओसी बंद करने का फैसला

नईदिल्ली (एजेंसी)। पिछले साल 19 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लंदन में भारतीय दूतावास के पास हिंसा हुई थी। इसमें संलिप्तता को लेकर 15 संदिग्धों की तस्वीरें जारी की गई और उनके लिए लुकआउट नोटिस भी निकाला गया था। हालांकि, अब महीनों बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी का कहना कि इस मामले में पंजाब के 3 लोगों की गलत पहचान हुई। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह बताया गया है। मालूम हो कि गृह मंत्रालय ने पहले साल 15 लोगों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था, जिनकी पहचान हिंसा से जुड़े वीडियो से की गई। एनआईए की टीम जांच के सिलसिले में पिछले साल मई में ब्रिटेन पहुंची थी। इसका मकसद घटना को लेकर पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े संदिग्ध आतंकी लिंक की जांच करना रहा। इसी दौरान दूतावास पर हमले वाले वीडियो जारी किए गए थे। इसे लेकर एजेंसी को लगभग 850 कॉल प्राप्त हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग और आव्रजन विभाग ने भी पहचान में मदद की थी। इसके बाद उनके खिलाफ एलओसी जारी की गई। इसके बाद जांच एजेंसी ने इनके खिलाफ अपनी एलओसी बंद करने का फैसला लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 200 के पार पहुंचा भागलपुर का एक्यूआई

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर की हवा की गुणवत्ता फिर खराब हो गई है। शुक्रवार को फिर से हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई। शुक्रवार को मायागंज प्रदूषण मापक केंद्र पर एयर क्वालिटी इंडेक्स 208 दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार बढ़ने से पिछले सप्ताह हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया था, लेकिन ट्रैफिक बढ़ने और हवा की रफ्तार धीमी होने की वजह से शुक्रवार को हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। शुक्रवार को एक्यूआई 208 दर्ज किया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि रात के वक्त प्रदूषक अत्यंत सूक्ष्म कण पीएम 2.5 की मात्रा 42 दर्ज की गई है, लेकिन दिन चढ़ते-चढ़ते हवा की गुणवत्ता खराब होती चली गई और अधिकतम पीएम 2.5 की मात्रा 378 दर्ज किया गया।

### आपसी विवाद मारपीट, चार घायल

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के कुरपट गोस्वामी टोला में गुरुवार की देर शाम गोतियारी विवाद में दो पक्षों में मारपीट में एक पक्ष की तीन महिला सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी सबौर थाने पहुंचे। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सबौर भेज दिया। सभी घायल को सिर हाथ पैर सहित अन्य जगह गंभीर चोट पहुंची है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में सबौर थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने कहा कि आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है।

### डिप्टी चीफ इंजीनियर ने निर्माणाधीन अगुवानी पुल का किया निरीक्षण

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** पुल निर्माण के डिप्टी चीफ इंजीनियर विजय कुमार ने गुरुवार को सुलतानगंज-अगुवानी गंगा पुल का निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। टीम के साथ नाव से बीच गंगा में जाकर हर पाया का निरीक्षण किया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि जांच पड़ताल कर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। वहीं एप्रोच पथ के भी कार्य का जायजा लिया गया। कार्य में रूकावट को दूर करने का निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि एनएच पर काम होने से भारी वाहनों का आवाजाही पुल के एप्रोच पथ से ही होने लगी है। जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न होने की जानकारी डिप्टी चीफ को दी गयी। उन्होंने भारी वाहनों पर रोक लगाते हुए कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। एसपी सिंगला कंपनी के सुल्तानगंज सेफ्टी इंचार्ज श्रीतम तिवारी ने बताया कि पुल के एप्रोच पथ पर वाहनों की आवाजाही से कार्य में अवरोध हो रहा है। किसी तरह की दुर्घटना एप्रोच पथ पर होने कि आशंका बनी रहती है। कहा जा रहा है कि भारी वाहनों पर अविलंब रोक लगाकर कार्य में तेजी लायी जाएगी।

### देवरियाकोठी में राजद नेता को घर में बंद कर पीटा

**मुजफ्फरपुर/देवरिया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बुढ़ानपुर के राजद नेता सत्यनारायण प्रसाद यादव को गुरुवार की सुबह गांव स्थित चौक से 10 की संख्या में बाइक सवार बदमाशों ने जबरन बाइक पर बैठा कर धरफरी गांव ले गया। वहां घर में बंद कर बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना की सूचना उसके पुत्र पंसस रंजीत कुमार ने देवरिया थाना को दी। थानेदार सशस्त्र बलों के साथ धरफरी चौर कान्ही गांव पहुंच उसे मुक्त करा कर देवरिया चौक स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम राजद नेता के पुत्र व पंसस रंजीत कुमार अपने छोटे भाई संजीत कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर देवरिया से अपने घर बुढ़ानपुर गांव लौट रहा था। गांव के ही स्कूल के निकट दूसरी बाइक से टक्कर हो गई, जिसमें दोनों जख्मी हो गये। इस दौरान दोनों बाइक पर सवार युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गयी, जिसमें चौर कान्ही धरफरी के दो युवक जख्मी हो गये, जिससे आक्रोशित परिजन कुछ अन्य लोगों के सहयोग से गुरुवार सुबह गांव स्थित चौक पर चाय पी रहे सत्यनारायण प्रसाद यादव को जबरन गांव ले जाकर मारपीट की। उधर, घटनास्थल पर मौजूद रामेश्वर सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि उनकी बुरी तरह पिटाई की गयी है। सत्यनारायण प्रसाद यादव ने बताया कि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो मेरी हत्या हो जाती। उन्होंने बताया कि तीन हड्डियां टूट गयी है। थानाध्यक्ष रामविनय कुमार ने बताया कि सत्यनारायण यादव को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्णिया की रंगभूमि पर 16 अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी



**पूर्णिया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एनडीए के प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में ताबड़तोड़ रैलियां हो रही हैं। 13 दिनों में पीएम तीसरी बार बिहार आ रहे हैं। आगामी 16 अप्रैल को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल बाद फिर से गरजने वाले हैं। 2014 के चुनाव में उन्होंने इसी मैदान से सियासी गर्जना की थी। पीएम के आगमन से एनडीए कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। इससे पहले चार अप्रैल को जमुई में लोजपा आर प्रत्याशी अरुण भारती और 7 अप्रैल को नवादा में बीजेपी उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा कर चुके हैं। पूर्णिया में एनडीए से संतोष कुशवाहा उम्मीदवार हैं जिन्हें आरजेडी की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव की चुनौती का सामना करना है। पूर्णिया आने से पहले पीएम गया जाएंगें जहां पूर्व सीएम और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी की जीत के लिए जनता से एनडीए को वोट देने की अपील करेंगे।

### रंगभूमि मैदान में 26 तक बना अस्थायी थाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रंगभूमि मैदान आगमन को लेकर 26 अप्रैल तक के लिए अस्थाई थाना बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। फिलहाल इस अस्थाई थाना की कमान एएलटीएफ प्रभारी आरिज आलम को सौंपा गया है। उनके साथ तीन सब इंस्पेक्टर के अलावा तीन सेक्शन फोर्स की भी तैनाती की गई है। बकायदा इस अस्थाई थाना में स्टेशन डायरी के अलावा कई अन्य तरह के कार्य संपादित किए जाएंगे। 24 घंटे पीएम के होने वाले सभा स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करने के अलावा अन्य किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर वरीय अधिकारियों के साथ थानाध्यक्ष के द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जेडीयू के नेता भी तैयारी में

रंगभूमि मैदान में तैयारियों का जायजा लेने पहुंची मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि मोदी जी के दौरे से बिहार एनडीए में भारी उत्साह है। पीएम को सुनने के लिए रंगभूमि मैदान में लाखों की भीड़ उमड़ेगी। वहीं एनडीए उम्मीदवार जेडीयू के संतोष कुशवाहा ने कहा कि रैली में बिहार सीएम नीतीश कुमार, लोजपा आर प्रमुख चिराग पासवान, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पूर्व सीएम जीतनराम मांझी, आरएलएएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा समेत प्रमुख एनडीए नेता मौजूद रहेंगे। दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा है। मोदी जी के आने से बिहार में जो एनडीए की हवा है वह तुफान का रूप धारण कर लेगी।

### 26 अप्रैल को मतदान

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान वह पूर्णिया आए तो जरूर थे। मगर चुनापूर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से अन्य स्थानों पर चुनावी रैली के लिए रवाना हो गए थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को सीमांचल के तीन जिले पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज में मतदान होने वाला है। चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इसी क्रम में 16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्णिया आमद को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। जानकारी के मुताबिक गया में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद वह पूर्णिया आएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश कुमार ने प्रधानमंत्री के पूर्णिया आगमन को लेकर आज बैठक भी की। शुक्रवार को इस संबंध में भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस भी रखी गयी है। इधर, जदयू प्रत्याशी ने भी रंगभूमि मैदान का जायजा लिया। जिला से लेकर राज्य के प्रशासनिक अधिकारी भी प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए तैयारी में जुट गए हैं। रंगभूमि मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर एनडीए गठबंधन दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पीएम के आगमन को लेकर कार्यक्रम की संरचना पर विशेष रूप से चर्चा की।

### बागमती परियोजना के तीन हजार रैयतों के भुगतान का रास्ता साफ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बागमती परयोजना के तहत दोनों तटबंध के बीच आए करीब एक दर्जन गांवों के रैयतों को उनका मुआवजा शीघ्र मिल जाएगा। बागमती परियोजना के रून्नीसैदपुर प्रमंडल ने इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए इसे भूअर्जन विभाग को भेज दिया है। इस अधिसूचना का लाभ उन तीन हजार रैयतों को मिलेगा, जिनकी जमीन और मकान परियोजना के तहत दोनों तटबंध के बीच आ गए थे। इसके पहले जल संसाधन विभाग ने 11 मौजे की ही अधिसूचना जारी की थी। अब 11 मौजों के अलावा गंगिया परमानंदपुर मौजे की भी अधिसूचना जिला भू-अर्जन कार्यालय को भेज दी गई है। अब इन सभी मौजों में बागमती के दोनों तटबंध के बीच बसे परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान होगा। जिले के औराई व कटरा में वर्ष 2009 के बाद बागमती तटबंध विस्तार होने के बाद भी अबतक दोनों तटबंधों के बीच में आए गांवों के मौजा के परिवारों को मकान मय सहन मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ है। इसके साथ ही इन्हें दोनों तटबंधों के बाहर बसने के लिए जमीन का आवंटन नहीं होने से इन गांवों के परिवार प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर हैं।

## 9 मई तक चलेगा पशु मेला और हाट बाजार, मेले में लक्ष्मी नाम की हथनी आकर्षण का केंद्र



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के गरहां में सोनपुर मेला की तर्ज पर श्री अर्जुन बाबू पशु मेला और हाट बाजार लगाया है। जो 9 अप्रैल शुरू हो चुका है और 9 मई तक चलेगा। यह मेला उत्तर बिहार का सबसे बड़ा पशु मेला है। इस पशु मेला में हाथी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

अन्य जिले से आए लोग इस मेला में हाथी को देखने आ रहे हैं। दूर-दूर से आए लोग हाथी तस्वीरें भी कैद कर रहे हैं। छपरा जिले से आई लक्ष्मी नामक हथनी सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लक्ष्मी को लेकर आए महावत ने बताया कि यह हाथी बिहार का सबसे सुंदर और स्वस्थ हाथी है। जिस भी मेले में जाती है आकर्षण का केंद्र बन जाती है। इसके अलावा गणेशा हाथी, राम प्यारी और मोती नाम की भी हाथी मेले में मौजूद है।

**पशु मेले में सभी प्रकार के सामान मिलते :** इस मेले की प्रसिद्धि वैसे तो पशु मेले के रूप में है, मगर यहां सभी प्रकार के सामान मिलते हैं। अलग-अलग इलाकों के लोग पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचते हैं। इस मेले की विशेषता है कि यहां सभी पशुओं का अलग-अलग बाजार होता है। विक्रेता ग्राहकों और मेला देखने आए लोगों को आकर्षित करने के लिए अपने पशुओं को खूब सजा-संवार कर रखते हैं।

### हमारी कई पीढी से हाथी को पालती आई है

मेले में आए हाथी के महावत ने कहा की हमारी कई पीढी से हाथी को पालती आई है। हाथी की उम्र लाभग 21 वर्ष हो गई है। हमारे पिता जी हाथी को कई मेले में लेकर गए हैं। जहां भी यहां हाथी जाती है प्रदर्शनी का केंद्र बन जाती है। हम लोग मेले में ले जाते हैं और हाथी को अच्छे से सजा जा कर रखते हैं। देश के कई प्रसिद्ध मेले में हाथी को लेकर गए हैं। जिसमें से सोनपुर मेला में भी गए हुए थे। यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। आज के जमाने में हाथी पालना काफी मुश्किल होता है। लेकिन हमारी कई पीढ़ी हाथी पालन करती आ रही है।

## बक्सर में मैं ही रहूंगा, अभी तो नामांकन बाकी है: अश्विनी चौबे



**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर सीट से लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती दिख रही है. भले ही पार्टी ने केंद्रीय मंत्री और बक्सर से बीजेपी के वर्तमान सांसद अश्विनी चौबे को इस बार टिकट नहीं दिया है लेकिन उन्होंने अपने बयान से बड़ा संकेत दिया है. बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे ने कहा है कि बक्सर में मैं ही रहूंगा.


चौबे का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने कहा है कि अभी नामांकन बाकी है. बहुत कुछ होने वाला है. किसने क्या समझा, नहीं समझा, मुझे पता नहीं, लेकिन हां कुछ षडयंत्रकारी थे जो चुनाव के बाद नंगे होंगे. चौबे ने इसके बाद कहा कि जो भी होगा मंगलमय होगा. अश्विनी चौबे ने ये बातें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. मालूम हो कि बीजेपी ने इस बार अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है और इस सीट से गोपालगंज जिला के रहने वाले मिथिलेश तिवारी को टिकट दिया है. दूसरी तरफ महागठबंधन की बात करें तो महागठबंधन में ये सीट राजद के खाते में गई है. राजद ने इस सीट से बिहार के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है. बक्सर सीट से ही आनंद मिश्रा भी मैदान में हैं जिन्होंने आईपीएस की नौकरी छोड़ कम उम्र में ही राजनीति में कदम रखा है.

अश्विनी चौबे की नाराजगी की खबरें उनके टिकट कटने के बाद से ही सामने आने लगी थीं. अश्विनी चौबे बिहार की बक्सर सीट से दो बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते हैं. इस बार भी उनको उम्मीद थी कि पार्टी उनको मौका देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ. पार्टी ने पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी जो कि गोपालगंज जिला के रहने वाले हैं को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है.

## पश्चिमी चंपारण से निर्दलीय लड़ेंगे यूट्यूबर मनीष कश्यप

### 30 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करने का फैसला

**पश्चिमी चंपारण, एजेंसी।** यूट्यूबर मनीष कश्यप ने पश्चिमी चंपारण से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कश्यप ने नामांकन दाखिल करने की तारीख भी बता दी है। मनीष कश्यर ने कहा कि वंशवाद के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने का मन बनाया है। यू ट्यूबर मनीष कश्यप को कथित तौर पर तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमलों के मनगढ़ंत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में कई महीनों तक जेल हुई थी। हिन्दुस्तान टाइम्स से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि पश्चिम चंपारण को वंशवादी राजनीति से बाहर निकालने के लिए चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है, जो पिछले तीन चुनावों से इसकी गिरफ्त में है। कश्यप ने कहा, मैं अपने लोगों का चेहरा चमकता हुआ देखना चाहता हूं, क्योंकि पूरा निर्वाचन क्षेत्र कोई काम नहीं हुआ है। मैंने 30 अप्रैल को पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का फैसला किया है। उन्होने मौजूदा सांसद और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल को वंशवादी बताया गया है। पूर्ववर्ती बेतिया लोकसभा सीट से पूर्व भाजपा सांसद मदन प्रसाद जायसवाल के बेटे संजय जायसवाल 2009 के चुनावों के बाद से पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से तीन बार सांसद हैं। हालांकि, खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रबल समर्थक बताते हुए मनीष कश्यप ने कहा कि चुनाव में उनकी जीत लगभग तय है। चनपटिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक उमाकांत सिंह को चुनौती देने वाले कश्यप ने कहा, संजय जयसवाल के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर होने के चलते उन्हें चुनाव में कोई चुनौती नहीं दिखती है।



बिहार के 2020 के विधानसभा चुनाव में मनीष कश्यप को महज 9232 वोट मिले थे। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के निवासी मनीष कश्यप को पिछले साल दिसंबर में रिहा कर दिया गया था, जब उन्हें तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमलों के मनगढ़ंत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मार्च 2023 में गिरफ्तार किया गया था। फरवरी 2018 में बेतिया के एक सरकारी अस्पताल के परिसर में ब्रिटिश सम्राट किंग एडवर्ड सप्तम की आदमकद प्रतिमा को कथित तौर पर उनके युवा जागरण मंच के नेतृत्व में युवाओं की भीड़ द्वारा तोड़ दिए जाने के बाद यूट्यूबर ने मीडिया का ध्यान आकर्षित किया था।

## ट्रक ने 12 साल की बच्ची को रौंदा, मौत

### साइकिल से घर का सामान लाने बाजार गई थी, हादसे के बाद आरोपी चालक फरार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के मुसरीघरारी थाने के बखरी बुजर्ग गांव में गुरुवार देर शाम ट्रक से कुचल कर एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान गांव के ही मो. मुमताज की पुत्री मनतसा परवीन 12 वर्ष के रूप में की गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्ची मुसरीघरारी चौक से साइकिल से घर का सामान लेकर लौट रही थी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद गांव में ईद की खुशी मातम में बदल गई।



### घर लौटने के दौरान हादसा

मो. नौशाद ने बताया कि उनकी भतीजी देर शाम मुसरीघरारी चौक पर घरेलू सामान लाने गई थी। सामान लेकर जब वह लौट रही थी। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे कुचल डाला। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबतक लोग कुछ समझ पाते ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के कारण कुछ देर के लिए मुसरीघरारी-पटना मार्ग पर जाम भी लग गया। हालांकि मौके पर तुरंत मुसरीघरारी पुलिस पहुंच गई। जिससे लोगों को समझा कर मामला शांत कराया। शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

### अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है

बच्ची की मौत के बाद गांव में ईद का माहौल मातम में बदल गया। कुछ देर पहले तक जो लोग ईद के मौके पर एक-दूसरे से गले मिलकर उन्हें बधाई दे रहे थे। वहां पर लोगों के रोने की आवाज आने लगी। हालांकि लोग एक दूसरे को संभाल भी रहे थे। मुसरीघरारी थानाध्यक्ष फैजुल अंसारी ने बताया कि घटना की सूचना के बाद शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना स्थल के आसपास गले सीसीटीबी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अभी अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## चार मामलों में फरार नक्सली गिरफ्तार, मधुबन धमाके में था आरोपी



### 19 साल से पुलिस की थी तलाश, एक अन्य आरोपी भी धराया

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मधुबन धमाका सहित चार कांड के फरार नक्सली को 19 साल बाद गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से दो लुक कांड का वांक्षित अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया ह को गुप्त सूचना मिली कि मधुबन में हुए नक्सली धमाके का नामजद अभियुक्त कामेश्वर राम के पताही थाना क्षेत्र में देखा गया है। जिसके बाद सूचना का सत्यापन करते हुए पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी शुरू किया, इस दौरान पताही थाना क्षेत्र के पटखौलिया से उसे गिरफ्तार किया गया।

मधुबन धमाका सहित चार मामले में थी पुलिस को तलाश

पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि 23 जून 2005 में नक्सलियों ने मधुबन में धमाका किया गया था, उस कांड के नामजद अभियुक्त कामेश्वर रहा है। इसकी लगातार तलाशी की जा रही है। इसके अलावा सात फरवरी 2015 में पताही थाना क्षेत्र से एके 56 नक्सली का बरामद हुआ था। वह एके 56 कामेश्वर के ही घर से बरामद हुआ था, उसके बाद से लगातार फरार चल रहा था। इस पर मधुबन थाना में दो और पताही थान में दो केश दर्ज है। सभी नक्सल से ही जुड़ा हुआ था, जिसमें यह फरार चल रहा था।

### टकलू सहनी भी धराया

पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मझार गांव में छापेमारी कर लूट कांड के वांक्षित अपराधी टकलू सहनी उर्फ रितेश को गिरफ्तार कर लिया है। टकलू पर पकड़ीदयाल और मधुबन थाना में लूट का मामला दर्ज था, जिसमें पुलिस तलाश कर रही थी। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सुबोध कुमार के अलावा पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष शकुन्तला कुमारी, पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार, पीएसआई राजेश कुमार, अनुप कुमार, बबन कुमार, अजय कुमार सिह, धनंजय कुमार आदि शामिल थे।

## सुपौल में तेज आंधी के साथ बारिश



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मौसम में हुए अचानक बदलाव के बाद भीषण गर्मी से आम लोगों ने राहत की सांस ली है। अचानक धूल भरी आंधी शुरू होने से जिले के कई बाजारों में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। इस बीच जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। बता दें कि गुरुवार को तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी शुरू हो गई। जिसके बाद सुपौल शहर के स्टेशन रोड से लेकर विभिन्न बाजारों में मौजूद लोग इधर उधर भागते दिखे। वही निर्मली बाजार में और सिमराही नगर पंचायत के बाजार में अफरा तफरी जैसे हालात देखने को मिले। इस बीच बिजली की आपूर्ति भी विद्युत विभाग ने बंद कर दी। करीब आधे घंटे धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश भी शुरू हो गई है। ग्रामीण इलाकों में तेज हवा की वजह से कई घरों के छप्पर उड़ गए है। वहीं सुपौल जिले के राघोपुर रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार मधुबनी समेत सुपौल जिले के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया था।

**संक्षिप्त समाचार**

## नाबालिग नेपाली लड़की को फुसलाकर ले जा रहे मंजूर आलम को किया गिरफ्तार



**चाणक्य भूमि**। सीमा सुरक्षा बल की 47 वी वाहिनी व मानव तस्कर रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय व 47 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल पूर्वी चंपारण बिहार ने "मिशन निर्भया" के अंतर्गत मानव तस्करी के रोकथाम करने में लगातार सफलता हासिल कर रही है। इसी क्रम में एक सूचना मिली कि मैत्री ब्रिज से हो कर एक व्यक्ति कुछ नाबालिग लड़कीयों को भारत में ले जाने की तैयारी में है। सूचना पर मैत्री पुल पर सतर्कता बरती जाने लगी इस दौरान संदेह के आधार पर एक व्यक्ति जो एक नेपाली लड़की को साथ लाते हुये दिखा, उसे रोक कर पूछताछ की गई तो व्यक्ति ने बताया कि जो लड़की हमारे साथ है वह मेरी पत्नी है, लड़की की मांग में हिंदू रीतिरिवाज से सिंदूर देख कर एक बार तो लगा व्यक्ति सही बोल रहा है। जब लड़की से काउंसलिंग की गई तो दोनों के बयान में काफी भिन्नता पाई गई सम्भावित मानव तस्करी मामले को संज्ञान में लेते हुए और भाषा की समस्या को लेकर माइती नेपाल एन.जी.ओ को बुला कर नेपाली लड़की की काउंसलिंग की गई तो लड़की ने बताया कि फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्ति ने लड़की से दोस्ती करने में पड़ गयी। मामले की सच्चाई जानने के लिए जब दोनों से अलग अलग गहनता से पूछताछ की गई तो निम्नलिखित बातों का पता चला, अभियुक्त मोहम्मद मंजूर आलम खान की दूसरी शादी सुनैना नाम की लड़की से तय हो रखी है जबकि पहली पत्नी निशा से उसने तलाक़ की बात कही। जब कुछ कागज या सबूत दिखाने को कहा गया तो वो काग़ज नहीं दिखा पाया । लड़की ने अपने ब्यान में बताया कि मोहम्मद मंजूर आलम खान ने मुझसे शादी करने का वादा किया है नेपाली लड़की को अभियुक्त की पहली पत्नी के तलाक होने और दूसरी शादी तय होने के बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी। जब लड़की के परिवार वालों से सम्पर्क किया गया तो उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी लड़की के माता-पिता ने आग्रह किया कि हमारी बेटी को भारत नहीं जाने दिया जाय इस प्रकार मानव तस्कर रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47 वी वाहिनी रक्सौल ने एक बार फिर से एक नाबालिग लड़की के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया । इस मौके पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा मुख्य आरक्षी सामान्य अरविंद द्विवेदी आरक्षी पम्मी मिश्रा,आरक्षी सबीना खातून,आरक्षी स्वप्ना एस, आरक्षी स्वाति ठाकुर, माइती नेपाल बीरगंज नेपाल से अनिशा गौतम सीता क्षेत्रि आदि मौजूद रहे।

## अपराधियों ने युवक को चाकू मार किया घायल ईलाज जारी

### घटना की सूचना पर पहुंचीं 112 की पुलिस टीम ने बुरी तरह घायल को इलाज के लिये पहुंचाया अस्पताल



**चाणक्य भूमि बेतिया**। बेतिया के बेलबाग कॉलोनी में शांति हरि पब्लिक स्कूल के समीप एक मिठाई दुकान में काम करने वाले युवक को चार अपराधियों ने चाकू एवं ब्लेड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जब वह काम से घर लौट रहा था। घटना की सूचना पर पहुंचीं पुलिस टीम ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया । युवक की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान बेलबाग कॉलोनी निवासी सुशील बर्मन के रूप में हुई है जो मिठाई की दुकान में काम करता है । बताया जा रहा है कि काम से लौटते वक़्त चार अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। युवक के परिजन ने बताया कि हमला करने वाले अपराधी पास के मुर्गा दुकान पर काम करते हैं।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



**चाणक्य भूमि बेतिया**। दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न थानों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। बारी-बारी से सुनने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने मामले से संबंधित पुलिस पदाधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं समस्याओं को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। आपको बता दे कि पुलिस अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमे जिले भर से आये लोगों की परेशानियों का उचित निदान किया जाता है।

## हमें देशद्रोहियों का वोट नहीं चाहिए गिरिराज सिंह

**बलिया (बेगूसराय)**। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रखंड स्तरीय बैठक शुक्रवार को बलिया पटेल चौक स्थित विवेक विहार के सभागार में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता बलिया नगर परिषद भाजपा के अध्यक्ष कुमार गौरव कर रहे थे। जब के संचालन लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के मंत्री बेगूसराय के सांसद भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह मौजूद थे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है के जो उम्मीदवार सी पी आई से हैं वह टुकड़े-टुकड़े गैंग हैं । उससे बच के रहना है। उन लोगों ने बेगूसराय की कितनी मां बेटी बहन को विधवा कर चुके हैं। वह जिस गठबंधन से आते हैं। उस गठबंधन में परिवारवाद चलता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर हिंदू मुस्लिम का आरोप लगाया जाता है। मैं सबको साथ लेकर चलता हूं । बावजूद इसके अगर हमारे हिंदुओं पर कोई आंच आएगा तो हम हिंदू के साथ खड़े रहेंगे ।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान के 24 अवतारों का वर्णन सुन भावुक हुए श्रद्धालु







**चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगुसराय**

बजलपुरा भगवती स्थान परिसर में प्राण प्रतिष्ठा सह शतचण्डी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रीमद भागवत कथा के दौरान पंडित आचार्य श्री विजय कृष्ण जी महाराज ने भगवान की भक्ति के बारे में विस्तार से चर्चा की। मौके पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रख्यात गजलकार धीरज ने भजनों से भक्तमय माहौल बना दिया। इधर आधारपुर ठाकुर बाड़ी के महंत श्री गोपाल दास जी महाराज ने कथावाचक पंडित आचार्य श्री विजय कृष्ण जी महाराज, गायक धीरजकांत सहित उनके मंडली को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पंडित आचार्य विजय कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान के नाम के सिवाय हर चीज मिलावटी है। केवल भगवान के नाम मे मिलावट नहीं है। भगवान का नाम सदा शुद्ध है। इंसान को हर जगह धोखा हो सकता है। मगर राम, कृष्ण और शिव नाम मे कोई संशय नही है। जिस तरह औषधालय में औषधी मिलती है, वस्त्रालय में वस्त्र मिलते हैं। इसी तरह संसार दुखालय है जहां दुख ही मिलता है। इंसान को असली सुख राम नाम में ही मिल सकता है।सत्संग से मन शुद्ध होता है। सत्संग से बदल जाती है जीवन की धारा उन्होंने कहा कि संतो का सत्संग करने यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें कोई बीमारी नहीं आएगी, हमारा परिवार खुशहाल रहेगा या फिर हमारा व्यापार अच्छा चल जाएगा, यह तो प्रारब्ध होता है जो इस दुनिया में आया है उसे एक दिन जाना ही है जब लाभ होता है तो हानि भी निश्चित होती है। सत्संग तो जीवन की धारा बदल देता है जिसमें आप ज्ञान और भक्ति की धारा में बहने लगते हैं, लेकिन यहां पर भी यदि कई बार लोग सत्संग करते हैं लेकिन उसका मूल नहीं समझ पाते, जिससे जीवन पर्यंत सत्संग करने के बाद भी अंत में उनको कुछ भी हासिल नहीं होता है। इधर, शुक्रवार को शतचण्डी महायज्ञ के निमित्त अर्णिमंथन के द्वारा अग्नि प्रज्जवलित किया गया। और यज्ञ प्रारंभ हुआ। मौके पर कन्हैया कुमार, सत्येंद्र सिंह, मुकेश सिंह, बबलू सिंह, अविनाश कुमार शीलू, विरेंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, मंगल मिश्रा, विद्यानंद सिंह, शिक्षक रंजीत कुंवर, आकाश कुमार, प्रत्युश परासर, अवनीश कुमार, मंजेश कुमार, अजय कुमार वंशीधर कुमार, मुरलीधर कुमार सहित आदि लोग उपस्थित थे। संगीतमय प्रवचन से पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है। आयोजको द्वारा आये श्रद्धालुओ के बीच गर्मी के मौसम में ठंडा पानी की उत्तम व्यवस्था की गई है

## बरौनी-3 को ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत बनाने का लिया संकल्प"



**चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगुसराय**

बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत 'प्रवेशोत्सव' विशेष नामकरण अभियान की सफलता के लिए जागरूकता रैली माध्यमिक विद्यालय बरौनी-3 से निकाली गई. जिसमें वर्ग 8 वीं पास एवं 06 से 14 आयुवर्ग के बच्चों को विद्यालय में नामांकन के लिए जागरूक किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 8 वीं पास नौवीं कक्षा में कदम रखे, जिससे उनके मौलिक अधिकार की प्राप्ति संभव हो सके. उक्त रैली में पिरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्य सह प्रोग्राम लीड दीपक मिश्रा दीपक कुमार, गांधी फैलो अर्पित पाल, आदि शामिल हुईं. उक्त टीम के सदस्य श्री मिश्रा ने बताया हम समुदायों के साथ जुड़ रहे हैं. तथा उच्च शिक्षा का समर्थन के साथ आजीवन सीखने के रास्ते खोल रहे हैं. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के इस महत्वपूर्ण एसडीजी 4 लक्ष्य को आगे बढ़ाने में हमारे साथ जुड़ें. तथा हम सब मिलकर प्रवेशोत्सव को सफल बनाएं, उक्त जागरूकता रैली पूरे पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः विद्यालय पर आकर संपन्न हो गयी. मौके पर प्रधानाध्यपक राजेश केशरी शिक्षक चंदन सर रूपेश कुमार ससीरंजन सर दीनबंधु कुमार पुष्पांजलि कुमारी साधना कुमारी इरसाद आलम आदि उपस्तित थे वा बाल सांसद मीना मंच के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में अच्छा योगदान किया,

# बखरी में गणगौर महोत्सव का समापन, भव्य झांकी निकाली गई

**चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय**





दो सप्ताह से चल रहे गणगौर महोत्सव का समापन हो गया। इस मौके पर भव्य बिंदोरी (शोभा यात्रा) निकाली गई। इसके पूर्व एमबी गली स्थित मारवाड़ी ठाकुरवाड़ी में गणगौर माता (शिव पार्वती) की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मंदिर से ढोल नगाड़े के साथ बिंदोरी निकली गई। जिसका पुस्तकालय पोखर पर समापन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, नवविवाहित युवतियां तथा बच्चे शामिल हुए। ज्ञात हो कि गणगौर उत्सव मारवाड़ी समाज में काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में यह उत्सव बेहद लोकप्रिय है। इसका आयोजन मारवाड़ी महिला सम्मेलन की बखरी शाखा ने किया। मोके पर समारोह में शाखा अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव बबीता भारोंदिया, पूर्व अध्यक्षा मंजू अग्रवाल व शकुन टमकोरिया, कला नेमानी, विनीता जालान, संतोष देवी शर्मा,माया जयपुरिया, आशा बजाज, मंजू लोहरीवाल, रीता अग्रवाल, किरण डोकानिया, मंजू बजाज, रीना, सुजाता टमकोरिया, संध्या अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, प्रेमा वर्मा, राधा गोपाल अग्रवाल, रानी अग्रवाल, प्रीति बजाज, नेहा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच बखरी शाखा ने श्रेष्ठ साज सज्जा वाले गणगौर को पुरस्कृत किया तथा उपहार बांटे। समारोह में मंच के द्वारा स्वादिष्ठ व्यंजनों का स्टॉल लगाए गया था। मंच के सचिव गौरब अग्रवाल, संजीव बजाज, मोहित अग्रवाल, रौनक पालरीवाल, अमित सिंघानिया, सौरभ अग्रवाल, जॉनी वर्मा आदि ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बी0 टेक के छात्र रोहित कुमार की हत्या का आरोप परिजनों ने लगाया

**चाणक्य भूमि। मंझौल बेगुसराय**



सदर अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। रोहित का फाइल फोटो।

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक के अंतिम वर्ष के छात्र मंझौल पंचायत दो वार्ड 10 निवासी नागो शर्मा के 23 वर्षीय पुत्र रोहित शर्मा का शव गुरुवार की देर रात घर आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों करो रो- रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छा गया है। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। रोहित का मोबाइल घटना के कारणों का खुलासा करेगा। इस घटना से क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं। मृतक के पिता बैंगलोर में कारपेंटर का कार्य करते हैं। मजदूरी कर बच्चों को इंजीनियरिंग की पढ़ाई एवं परिवार के भरण पोषण करवाने वाले पिता के ऊपर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। बीपीएल सूची में परिवार शामिल है। मजदूरी के अतिरिक्त आय का दूसरा कोई साधन नहीं है।परिजनों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रोहित मधेपुरा इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक की अंतिम वर्ष का छात्र था। अगामी 15 अप्रैल से उसकी परीक्षा होने वाली थी। मंझौल के खूटन टोला निवासी कन्हैया कुमार एवं पंचमहला टोला निवासी राजा कुमार के साथ रूम भाड़े पर लेकर एकसाथ मधेपुरा में रहता था। 10 तारीख की सुबह में वह अपने घर मंझौल से मधेपुरा गया था। 11 तारीख गुरुवार को उसके साथियों के द्वारा उसके घर पर फंदे से लटककर आत्महत्या की सूचना दी गई। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद से उसके दोनों साथियों का मोबाइल स्विच ऑफ है। पिता का आरोप है उसकी हत्या साथियों के द्वारा की गई है। मधेपुरा जिला की पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर छात्र के शव को मंझौल भेज दिया। शुक्रवार की सुबह में उसका अंतिम संस्कार बूढ़ी गंडक नदी में कर दिया गया।

**परिवार पर टूटा विपत्तियों का पहाड़:** रोहित की मौत से परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। रोहित तीन भाई बहनों में माता-पिता का एकलौता पुत्र था। मृतक अविवाहित था। उसकी दो बड़ी बहनों प्रियदर्शिनी एवं गीतांजलि की शादी हो चुकी है।उसकी मां किरण देवी बेहोश पड़ी हुई है। पिता, बहनों समेत परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।

## 18 अप्रेल से संसदीय क्षेत्र में नामंकन होगा

**चाणक्य भूमि। बेगूसराय**

01- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में 24 बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन प्रारंभ की तिथि 18.04.2024 है तथा नाम-निर्देशन करने की अंतिम तिथि- 25.04.2024 है।आयोग के निदेश के आलोक में वैसे सभी मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, राज्य राजनैतिक दल एवं इच्छुक नागरिक जो 24-बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल करना चाहते है, उनको नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय की अध्यक्षता में दिनांक-13.04.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन, बेगूसराय में एक बैठक/कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ताकि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने में कोई कठिनाई न हो। 02 भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में वैसे कार्यालय के सभी अनिवार्य सेवा वाले पदाधिकारी एवं कर्मी जो चुनाव के दिन कर्तव्य निर्वाहन के कारण मतदान नहीं कर पाते, उन अनिवार्य सेवा वाले कर्मियों के लिये मतदाता के रूप में पोस्टल बैलेट से मतदान करने की व्यवस्था निर्वाचन आयोग ने कर रखी है।वैसे मलदात्ता begusarai.nic.in वेबसाईट से फॉर्म 12 'घ' डाउनलोड कर एवं फॉर्म 12 घ' भरने के पश्चात् उसे संबंधित निर्वाची पदाधिकारी / सहायक निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपने EPIC के साथ जमा कर अपना मतदान डाल सकते है।

# मोटरसाइकिल की ठोकर से मुखिया की माँ की मौत

**चाणक्य भूमि। छोराही बेगुसराय**





तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से मुखिया के मां की हुई मौत। दुर्धटना में बाइक सवार भी हुआ घायल। सीएचसी में भर्ती घायल को दो घंटे तक निहारती रही पुलिस। सीएस को सूचना दी तब दौरे-भागे पहुंचे चिकित्सक। घटना की छानबीन में जुटी पुलिस घटनाक्रम दौलतपुर-मालीपुर मुख्य पथ पर राजोपुर में शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के ऐजनी पंचायत अंतर्गत राजोपुर ग्राम के वार्ड संख्या 2 निवासी स्व. रामनारायण दास की 67 वर्षीय पत्नी रामपरी देवी के रूप में हुई है। जो स्थानीय ऐजनी पंचायत के मुखिया पंकज दास की मां बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सुबह तकरीबन 8 बजे मृतका नित्य दिन की भांति खेत देखकर मुख्य पथ पर स्थित अपने डेरा की तरफ लौट रही थी। इसी क्रम में दौलतपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने डेरा के समीप ही पीछे से ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार व मुखिया की मां दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। घटना के बाद मुखिया व उनके भाई गंभीर रूप से घायल अपनी मां को इलाज के लिए अस्पताल ले जाते इससे पूर्व सर में अत्यधिक चोट लगने की वजह से उनकी मौत हो गई। जिसके बाद मुखिया व उनके स्वजनों में कोहराम मच गया और घर के महिला -पुरूष सदस्य व बच्चे दहाड़े मारकर रोने लगे। इधर घटना की सूचना के बाद डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बाइक सवार समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी कमलेश शर्मा के पुत्र विकास कुमार शर्मा को हिरासत में लेकर इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सक के गायब रहने से पुलिस दर्द से कराहते ओपीडी कक्ष में पड़े घायल बाइक सवार को तकरीबन दो घंटे तक निहारती रही। इस क्रम में सीएस को चिकित्सक के गायब रहने की शिकायत किसी ने दूरभाष पर कर दी। जिसके बाद एक चिकित्सक भागे-दौरे सीएचसी पहुंचे और उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घायल बाइक चालक बंधन बैंक का फील्ड स्टाफ बताया गया है जो शुक्रवार की सुबह हसनपुर शाखा ड्यूटी करने जा रहा था। उधर घटना की सूचना के तुरंत बाद बाद पुअनि दिनेश कुमार सिंह, अरूण सिंह, संजय कुमार मिश्रा, मिथिलेश सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां मुखिया व उनके स्वजनों से पूछताछ करने के पश्चात शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। मुखिया की मां के दुर्घटना में आकस्मिक मौत पर जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोगों में शोक की लहर फैल गई। जिप सदस्या प्रेमलता कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक पासवान, मुखिया मनीषा देवी, रामप्रीति ठाकुर, रोहित कुमार, शिव देवी, संजीदा खातून, राखी रानी, काजल कुमारी, समाजसेवी शेख फूलहसन, हरिशंकर यादव, निगम कुमार, संजय पासवान, अरूण यादव, प्रदीप ठाकुर, विद्यानंद राय आदि ने गहरा शोक प्रकट किया।

**बोले थानाध्यक्ष.....** घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि मुखिया व उनके स्वजन शव के साथ पोस्टमॉर्टम में सदर अस्पताल गये हैं। पुलिस को फिलहाल किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही हिरासत में लिए गये बाइक सवार पर पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता के तहत अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल और वालीबाल खेल का आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया

लोकसभा निर्वाचन 2024 मे मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने तथा मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 12 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को राजकीय संपोषित उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्नाटांड़ के खेल प्रांगण में बगहा अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल और वालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल सात तथा वॉलीबॉल में आठ टीमों ने भाग लिया। जिले के खिलाड़ियों ने मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान छेड़ दिया है। खेल प्रतियोगिता के साथ ही साथ खिलाड़ियों द्वारा रैली निकालकर मतदाता को भी जागरूक करने के मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है ।खिलाड़ियों ने स्लोगन के तहत पहले मतदान करो ,फिर जलपान करो। खिलाड़ियों ने ठाना है, मतदान करने जाना है आदि नारे के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली। जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने अपने संबोधन में आम नागरिकों, खिलाड़ियों, महिलाओं आदि से कहा कि आज के लोकतंत्र में एक-एक वोटर के वोट का बहुत अधिक महत्व है। एक वोट से उस क्षेत्र के दशा दिशा को भी बदल सकता है। आगे उन्होंने कहा कि देश तभी तरक्की करेगा जब हर वाटर वोट करें । मतदान हर भारतीय नागरिक का अधिकार है।चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा है, चुनाव के द्वारा लोकतंत्र का निर्माण होता है ।तकनीकी पदाधिकारी के रूप में संदीप कुमार ,सोहराब अंसारी, प्रवीण कुमार, फखरुद्दीन, श्याम चौधरी आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,संतोष कुमार आदि मौके पर मौजूद रहे।



# क्या वज़ह है कि नहीं रुक रहा वीटीआर में आग का तांडव




चाणक्य भूमि बेतिया

हालाँकि गर्मी में जंगलों में आग लगना स्वाभाविक है परंतु इससे बचाव के लिये पहले से भी तैयारी की जाती है। वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व में इसकी तैयारी जरूर हुई होगी परंतु देखा जा रहा है कि इस बार गर्मी की शुरुआत में ही कई घटनाओं का घटना वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के लिये नुकसानदेह हो रहा है। हालाँकि यह जानना जरूरी है कि आखिर ऐसा क्यूँ हो रहा है। हालाँकि वीटीआर प्रशासन लोगों को जागरुक करता रहता है कि वन क्षेत्र मे लोग आग का प्रयोग ना करे साथ ही लोगों को जंगल में बीड़ी सिगरेट आदि चीजों का प्रयोग नहीं करने के लिये जागरुक भी करता रहता है परंतु लापरवाही की वजह से ऐसी घटना होती रहती है। ताजा मामला वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के गोवर्धना क्षेत्र मे सोमेश्वर मंदिर जाने वाले रास्ते का है जहां आज आग लगने से लगभग दो एकड़ जंगल जलकर खत्म हो गया। अभी नवरात्र की वज़ह से इस रास्ते पर काफी चहल पहल है और भक्तों की लंबी भीड़ लगी रहती है। आग लगने से माता रानी के दर्शन करने जाने वाले भक्तों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।

## 08 पीएम फ्रूटी के साथ शराब कारोबारी धराया



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। मझौलिया पुलिस ने बिनवलिया पुल के पास से एक बाइक में छुपाकर रखे गये विदेशी शराब 08 पीएम की 40 पीस बोतल बरामद किया।पुलिस ने धंधेबाज विनोद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा।जानकारी एसएचओ अखिलेश मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि मामले में एक केस दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया कि एक बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर BR-22 E 3237 को जब्त कर लिया गया है।साथ ही मेडिकल जांच के उपरांत बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत जेल भेजा गया।

# राजद प्रत्यासी दीपक यादव के बिगड़े बोल, वीडियो वायरल

- बाल्मीकी नगर के जदयू सांसद सुनील कुमार को बोला "पोकाउं बैल की औलाद"
- सियासत गरमाई,पूर्व कांग्रेस प्रत्यासी ने की निंदा
- बोले सांसद सुनील-जनता करेगी फैसला

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**बेतिया**। वाल्मीकि नगर के राजद उम्मीदवार दीपक यादव ने वर्तमान जदयू सांसद सुनील कुशवाहा को कहा- पोकाऊ बैल का औलाद ।इस बिगड़े बोल को लेकर बाल्मीकि नगर की राजनीति गरमा गयी है। महागठबंधन के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रवेश मिश्रा नेकड़े शब्दों में इसकी निंदा की है। वाल्मीकि नगर लोकसभा में राजद के प्रत्याशी दीपक यादव के द्वारा वर्तमान जदयू सांसद सुनील कुमार कुशवाहा के विरुद्ध में आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस टिप्पणी को लेकर महागठबंधन के घटक कांग्रेस के नेता प्रवेश मिश्रा ने राजद प्रत्याशी दीपक यादव के इस बयान का निंदा की है। दरअसल, दीपक यादव ने एक चुनावी सभा मे कार्यकर्ताओं के बीच वर्तमान सांसद को पोकाऊ बैल का औलाद कह दिया।उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई ना भाजपा से है, ना एनडीए से है हमारी लडाई पोकाऊ बैल की औलाद से है। अब वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। इसे लेकर वर्तमान सांसद सुनील कुमार ने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है, जनता ही इसका फैसला करेगी। दिवंगत सांसद बैजनाथ प्रसाद महतो के विरुद्ध में जो बोला जा रहा है उसे भी देख रही है, मैं तो दीपक यादव को बड़ा भाई मानता हूं। दीपक यादव के इस बयान के बाद कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता प्रवेश मिश्रा ने अपने ही घटक दल के प्रत्याशी दीपक यादव के इस बयान पर का निंदा किया है।मालूम रहे कि 2020 में सांसद बैजनाथ प्रसाद की मौत के बाद उनके पुत्र को टिकट मिला। बिहार में विधानसभा के साथ वाल्मीकि नगर लोकसभा का उप चुनाव 2020 में हुआ। जिसमें सुनील कुमार कांग्रेस से प्रत्याशी के रूप में प्रवेश मिश्रा को 22 हजार वोट से चुनाव हराकर सांसद बने। दीपक यादव फिलहाल महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार हैं । 7 अप्रैल को दीपक यादव ने राष्ट्रीय जनता दल ज्वाइन किया। इसके साथ ही उन्हें वाल्मीकि नगर से राष्ट्रीय जनता दल के लिए टिकट दिया गया है। दीपक यादव एक उद्योगपति है जिनका बगहा में तिरुपति शुगर मिल चलता है।राजनीतिक हलकों में उक्त बयान की पुरजोर चर्चा में है।

# बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें द्वितीय मतदान पदाधिकारी : डीएम

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्य का लिया जायजा

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**बेतिया**। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने के उदेश्य से निर्वाचन में संलग्न सभी मतदान पदाधिकारियों एवं कार्मिकों को वरीय अधिकारियों की देखरेख में दक्ष प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को विपिन हाईस्कूल में चल रहे प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। प्रशिक्षण स्थल पर सभी कमरों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को सुगमतापूर्वक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों से भी अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे द्वितीय मतदान पदाधिकारियों से कहा कि अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि अपने दायित्वों का निर्वहन भलीभांति करते हुए सुचारू रूप से मतदान करा सकें। उन्होंने कहा कि दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद भी अगर किसी के मन में किसी प्रकार की संशय की स्थिति हो तो, प्रशिक्षकों से बेहिचक प्रश्न पूछे और संशय को दूर करें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षकों एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारियों से फीडबैक भी लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराना है। मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर वोटरों की पहचान करने तथा मतदाता सूची से मिलान करने, वोटरों की अंगुली पर अमिट स्याही लगाने आदि कार्य पूरी तरह सजग एवं सतर्क होकर करना है। किसी भी प्रकार की छोटी सी चूक नहीं होनी चाहिये।इस अवसर पर कुमार रविन्द्र, नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग सहित विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, सुजीत कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव में योगदान नहीं देने वाले गृह रक्षकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई:जिला समादेष्टा होमगार्ड

**चाण्क्य भूमि(कनकलता) बेतिया**। जिला समादेष्टा, गृह रक्षक ने बताया कि चुनाव कर्तव्य में गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति, अग्रिम एवं अंतिम भत्ता भुगतान, अन्तर्जिला आवागमन आदि कार्य के सम्पादन हेतु वैतनिक कर्मियों एवं गृहरक्षकों में उच्च स्तर का अनुशासन बनाये रखना अनिवार्य होगा। जो गृहरक्षकों निर्वाचन कर्तव्य हेतु कॉल-अप के बाद भी प्रतिनियुक्ति के लिए आगमन नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध सेवामुक्ति की कार्रवाई के साथ ही बिहार गृह रक्षा वाहिनी, अधिनियम 1947 की धारा 10 (1) (E) (2) के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। यह अपराध संज्ञेय है तथा दोष सिद्ध होने पर तीन माह तक कैद या अर्थदण्ड सहित कैद की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही ऐसे गृहरक्षकों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत भी कार्रवाई की जायेगी।

# मध्याह्न भोजन में ख़राबी की वजह से बच्चे भूखे लौटे

**चाणक्य भूमि बेतिया**। जिला शिक्षा विभाग के लाख दावे के बीच मध्याह्न भोजन में ख़राबी की ख़बरें सामने आती ही रहती है परंतु अधिकारियों को कोई असर नहीं होता आज फिर चंपारण के एक विद्यालय में खराब चावल की शिकायत पर बच्चों ने हंगामा किया और अधिकाँश बच्चे बिना खाना खाये घर चले गये। घटना योगापट्टी के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बल्डीहा की है। शुक्रवार को मध्याह्न भोजन में बच्चों को जला हुआ चावल परोसा जा रहा था जिसको लेकर छात्रों ने हंगामा मचाया और बहुत से छात्र बिना खाना खाये ही घर लौट गये।

# मझौलिया के धोकरहा में अगलगी में एक किशोर झुलसा

## लाखों की क्षति, नकदी जला 60 हजार

चाण्क्य भूमि(कनकलता)





बेतिया। धोकरहा पंचायत के वार्ड नं 10 में ईद की रात अचानक लगी आग में नेसार देवान का घर जलकर नष्ट हो गया। वही गृहस्वामी का पुत्र राजा आलम बुरी तरह झुलस गया।आग की लपटें बड़ी तेज थी। अगलगी में गहना ,कपड़ा,अनाज,फर्निचर नकदी 60 हजार रुपये जलकर बर्बाद हो गया। अगलगी की इस घटना में फसी एक बच्ची को बचाने के चक्कर मे गृह स्वामी का पुत्र राजा आलम बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय क्लीनिक में उसका ईलाज चल रहा है,जहां वह खतरा से बाहर बताया गया है।ग्रामीणों के अथक प्रयास तथा अग्निशमन के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।तबतक सब कुछ जल हो था।बताया जाता है कि गृहस्वामी ईद का पर्व मनाकर हरा थका घर मे सोये थे तभी अचानक आग लगी।पंचायत के मुखिया आशीष भट्ट ने घटना की जानकारी सीओ राजीव रंजन को दी।सीओ राजीव रंजन ने बताया की राजस्व कर्मचारी अभिज्ञान कुमार को घटना स्थल पर भेजा गया है।क्षति का आकलन कर अग्नि से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। बताते चले कि मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र में अगलगी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714